**Regarding need to establish National Institute of Food Technology, Entrepreneurship and Management (NIFTEM) in Darbhanga, Bihar-Laid**

श्री गोपाल जी ठाकुर **(**दरभंगा**) :** माननीय केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री से मेरी मांग है कि मिथिला की हृदयस्थली दरभंगा में राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान (NIFTEM निफ्टेम) खोला जाय । इस बजट में बिहार राज्य में भी, राष्ट्रीय महत्व के संस्थान निफ्टेम, तंजावुर, तमिलनाडु जो खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में शैक्षणिक और अनुसंधान कार्यक्रम प्रदान करती है, जैसा संस्थान खोलने की घोषणा आदरणीय वित्त मंत्री जी के द्वारा की गई है । यदि यह संस्थान बिहार राज्य के अन्तर्गत मिथिला की हृदयस्थली दरभंगा में खोला जाय तो निश्चित रूप से सम्पूर्ण मिथिलावासियों के लिए गौरवशाली कार्य होगा । सम्पूर्ण मिथिला क्षेत्र कृषि प्रधान क्षेत्र है और यहां की अधिकांश आबादी कृषि कार्य में ही संलग्न है । यदि दरभंगा में निफ्टेम खुलेगा तो निश्चित रूप से किसानों**,** उद्यमियों एवं छात्रों को इस संस्थान के माध्यम से कौशल विकास प्रशिक्षण**,** इनोवेशन और परामर्श प्राप्त हो सकेंगे । मुझे आशा और विश्वास है कि इस विषय पर आदरणीय मंत्री महोदय सकारात्मक पहल करेंगें ।